# INTELLIGENCE BUREAU

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 30/09/2025 |
| Test Time | 11:30 AM - 12:30 PM |
| Post Name | SECURITY ASSISTANT/EXECUTIVE |

**Q.1** दिसंबर 2024 में राज्यसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में भारत में कितना ई-कचरा (e-waste) उत्पन्न हुआ?

Ans A). 1.45 मिलियन मीट्रिक टन B). 1.751 मिलियन मीट्रिक टन C). 1.01 मिलियन मीट्रिक टन D). 2.05 मिलियन मीट्रिक टन

**Correct Answer: B**

**Q.2** सितंबर 2025 में, भारत ने ग्वांगजू में हुए वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप 2025 में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिसमें _______ में अपना पहला स्वर्ण पदक हासिल किया।

Ans A). पुरुष कंपाउंड टीम (Men's compound team) B). पुरुष रिकर्व टीम (Men's recurve team) C). महिला कंपाउंड टीम (Women's compound team) D). मिक्स्ड रिकर्व टीम (Mixed recurve team)

**Correct Answer: A**

**Q.3** 17 सितंबर 2025 को मध्य प्रदेश के धार में, प्रधानमंत्री ने किस राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य अभियान का शुभारंभ किया - जिसे 2 अक्टूबर 2025 तक 10 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों की योजना के साथ सबसे बड़ी महिला-एवं-बाल स्वास्थ्य सेवा पहल बताया जा रहा है?

Ans A). पोषण पखवाड़ा 2025 B). मिशन शक्ति हैल्थ ड्राइव C). आयुष्मान भारत 2.0 D). स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

**Correct Answer: D**

**Q.4** आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) मासिक बुलेटिन, जुलाई 2025 (MoSPI) के अनुसार, जून और जुलाई 2025 के बीच 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (CWS) में भारत की बेरोजगारी दर में क्या परिवर्तन हुआ?

Ans A). 6.0% हो गई B). 5.6% पर स्थिर रही C). 5.2% से बढ़कर 5.6% हो गई D). 5.6% से घटकर 5.2% हो गई

**Correct Answer: D**

**Q.5** मोढेरा का सूर्य मंदिर निम्नलिखित में से किस वास्तुकला शैली में बनाया गया है?

Ans A). रॉक-कट शैली (Rock-cut style) B). चालुक्य शैली (Chalukyan style) C). मारु-गुर्जर शैली (Maru-Gurjara style) D). इंडो-सरसेनिक शैली (Indo-Saracenic style)

**Correct Answer: C**

**Q.6** 'युद्ध अभ्यास 2025' भारत-अमेरिकी सेना अभ्यास का 21वां संस्करण था और यह 1–14 सितंबर 2025 तक __________ में आयोजित किया गया था।

Ans A). औली, उत्तराखंड (Auli, Uttarakhand) B). फोर्ट इरविन, कैलिफॉर्निया (Fort Irwin, California) C). फोर्ट वेनराइट-यूकोन-डोनेली ट्रेनिंग एरिया, अलास्का (Fort Wainwright–Yukon–Donnelly Training Areas, Alaska) D). महाजन फील्ड फ़ाइरिंग रेंज, राजस्थान (Mahajan Field Firing Range, Rajasthan)

**Correct Answer: C**

**Q.7** किसी पदार्थ का उच्च अपवर्तनांक का परिणाम __________।

Ans A). 90° का क्रांतिक कोण होता है। B). निम्न क्रांतिक कोण होता है। C). क्रांतिक कोण में कोई परिवर्तन नहीं होता है। D). उच्च क्रांतिक कोण होता है।

**Correct Answer: B**

**Q.8** **जल का अपवर्तनांक 1.33 है। यह दर्शाता है कि ________।**

Ans A). प्रकाश निर्वात की तुलना में जल में 1.33 गुना धीमी गति से चलता है। B). वायु के सापेक्ष जल का क्रांतिक कोण 1.33 है
C). प्रकाश निर्वात की तुलना में जल में 1.33 गुना तेजी से चलता है। D). वायु से जल में अपवर्तित एक प्रकाश किरण 1.33° के कोण से मुड़ती है।

**Correct Answer: A**

**Q.9** **अपनी पारंपरिक शिल्प प्रथाओं, विशेष रूप से मृद्भांड के लिए प्रसिद्ध गुंडियाली (Gundiyali) गांव, किस भारतीय राज्य में स्थित है?**

Ans A). पश्चिम बंगाल B). गुजरात C). मध्य प्रदेश D). राजस्थान

**Correct Answer: B**

**Q.10** **लकड़ी के एक टुकड़े से एक वाद्ययंत्र बनाया जाता है, गोलाकार कटोरा जो गर्दन (neck) और फिंगरबोर्ड (fingerboard) में विस्तारित होता है; अनुनादक चमडे से ढका होता है और ऊपरी भाग लकड़ी से ढका होता है। इस संगीत वाद्ययंत्र का नाम बताइए।**

Ans A). इकतारा (Ektara) B). बुगचू (Bugchu) C). शेंग खेंग (Sheng Kheng) D). कमायचा (Kamaicha)

**Correct Answer: D**

**Q.11** **सितंबर 2025 में तेलंगाना सरकार द्वारा किस लेखिका को प्रतिष्ठित कलोजी नारायण राव साहित्य पुरस्कार, 2025 (Kaloji Narayana Rao Literary Award, 2025) से सम्मानित किया गया?**

Ans A). एन. रमा देवी (N Rama Devi) B). के. वरलक्ष्मी (K Varalakshmi) C). रंगनायकम्मा (Ranganayakamma) D). तेनेती हेमलता (Tenneti Hemalata)

**Correct Answer: A**

**Q.12** **सितंबर 2025 में, राजा भोज मल्टीक्लास सेलिंग चैंपियनशिप 2025 (Raja Bhoj Multiclass Sailing Championship 2025) निम्नलिखित में से किस झील में आयोजित की गई थी?**

Ans A). मानसर झील, सांबा B). ब्रह्म सरोवर, कुरुक्षेत्र C). गौरीसागर पुखुरी, शिवसागर D). अपर लेक, भोपाल

**Correct Answer: D**

**Q.13** **निम्नलिखित में से किसने पारंपरिक छाया कठपुतली कला, तोगलू गोम्बेयाता (Togalu Gombeyaata) में विशेषज्ञता प्राप्त की, जिन्हें 2025 में पद्म श्री प्राप्त हुआ?**

Ans A). मदुगुला नागफनी सरमा B). भीमव्वा शिल्लेक्यथारा C). जोयनाचरण बाथरी D). हरचंदन सिंह भट्टी

**Correct Answer: B**

**Q.14** **किस उर्वरक पोषक तत्व (fertiliser nutrient) का अतिरिक्त अपवाह आमतौर पर झीलों और नदियों में सुपोषण और शैवाल के प्रस्फुटन का कारण बनता है?**

Ans A). जिंक लवण और नाइट्रेट यौगिक B). सोडियम लवण और पोटैशियम लवण C). पोटैशियम लवण और यूरिया (नाइट्रोजनी)
D). फॉस्फेट यौगिक और नाइट्रेट यौगिक

**Correct Answer: D**

**Q.15** **DRDO द्वारा (जून 2025 में) नौ रक्षा प्रणालियों की प्रौद्योगिकियों को 10 भारतीय फर्मों को हस्तांतरित करने का उद्देश्य क्या है?**

Ans A). स्वदेशी रक्षा विनिर्माण आधार का विस्तार करना B). विदेशों में शस्त्र प्रणालियों के निर्यात को बढ़ावा देना
C). ऑफलोडिंग डेवलपमेंट द्वारा DRDO के अनुसंधान एवं विकास (R&D) कार्यभार को कम करना D). विदेशी रक्षा कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करना

**Correct Answer: A**

**Q.16** **जून 2025 में, किस वन्यजीव अभयारण्य ने भारतीय बाइसन (गौर) की आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की, जिसकी संख्या केवल छह महीनों में 659 से बढ़कर 788 हो गई?**

Ans A). डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य B). तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य C). ब्रह्मगिरी वन्यजीव अभयारण्य D). दिबांग वन्यजीव अभयारण्य

**Correct Answer: A**

**Q.17** **किस राज्य ने 2025 में सभी अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को एक कानून के अंतर्गत लाने के लिए अपने मदरसा अधिनियम को निरस्त कर दिया?**

Ans A). उत्तराखंड B). हिमाचल प्रदेश C). जम्मू और कश्मीर D). उत्तर प्रदेश

**Correct Answer: A**

**Q.18** **ESIC द्वारा शुरू की गई "एमनेस्टी स्कीम-2025 (AMNESTY Scheme-2025)" का क्या उद्देश्य है?**

Ans A). सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सभी चिकित्सा दावों को माफ करना B). छोटे व्यवसायों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराना
C). लॉकडाउन के दौरान श्रमिकों को खाद्यान्न वितरित करना D). क्षति, ब्याज और बीमा कवरेज से संबंधित विवादों का निपटान करना

**Correct Answer: D**

**Q.19** **अंटार्कटिक संधि प्रणाली और 1991 पर्यावरण प्रोटोकॉल के अंतर्गत, अनुमत गतिविधियां मुख्य रूप से निम्नलिखित में से कौन-सी हैं?**

Ans A). शांतिपूर्ण वैज्ञानिक अनुसंधान और विनियमित पर्यटन B). औद्योगिक व्यवस्थापन और बड़े पैमाने पर अवसंरचना
C). वाणिज्यिक खनन और खतरनाक अपशिष्ट निपटान D). सैन्य अभियान और न्यूक्लियर परीक्षण

**Correct Answer: A**

**Q.20** 2025 में, भारत सरकार के मंत्रालयों को पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा के नेतृत्व में उच्च स्तरीय समिति द्वारा किस राष्ट्रीय फ्रेमवर्क के अंतर्गत सुधार लक्ष्य, पंचवर्षीय कार्य योजनाएं प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था?

**Ans** A). डिजिटल इंडिया 2.0 (Digital India 2.0) B). मिशन गतिशक्ति (Mission GatiShakti) C). नेशनल रिफॉर्म विजन (National Reform Vision) D). विकसित भारत 2047 (Viksit Bharat 2047)

**Correct Answer: D**

---

**Q.1** एक पूर्वानुमान मॉडल पर काम कर रहे एक डेटा वैज्ञानिक को प्रशिक्षण डेटासेट में विशिष्ट अनुपात बनाए रखने की आवश्यकता है। यदि 35 का 21 से का अनुपात, किसी संख्या x के 15 से अनुपात के बराबर है, तो x का मान कितना है?

**Ans** A). 30 B). 20 C). 25 D). 22

**Correct Answer: C**

---

**Q.2** एक घनाभ की भुजाओं की लंबाई a, b और c है, जहाँ भुजाओं का योग 15 है और उनके वर्गों का योग 81 है। (भुजाओं के योग का वर्ग) : (कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल) : (विकर्ण का वर्ग) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 25 : 16 : 9 B). 225 : 24 : 1 C). 225 : 216 : 15 D). 25 : 24 : 1

**Correct Answer: A**

---

**Q.3** एक ठोस बेलन का आयतन 55,440 $cm^3$ है और इसकी ऊंचाई 40 cm है। ठोस बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). 8093 $cm^2$ B). 8052 $cm^2$ C). 8090 $cm^2$ D). 8018 $cm^2$

**Correct Answer: B**

---

**Q.4** रवीना, सुजाता और सरोज एक पेंटिंग-कार्य को अलग-अलग क्रमशः 32, 48 और 64 घंटे में पूरा कर सकती हैं। उन्होंने एक साथ काम करना शुरू किया, लेकिन सरोज ने 5 घंटे बाद कार्य छोड़ दिया। छठे घंटे से, रवीना और सुजाता ने रवीना से शुरु करते हुए बारी-बारी से एक-एक घंटे कार्य करने का फैसला किया। पेंटिंग का संपूर्ण कार्य कितने समय में पूरा हो जाएगा?

**Ans** A). 31 घंटे B). 30 घंटे 15 मिनट C). 30 घंटे D). 30 घंटे 30 मिनट

**Correct Answer: B**

---

**Q.5** चार मिश्रधातु A, B, C और D में सोना, चाँदी और ताँबा निम्नलिखित अनुपात में हैं:
मिश्रधातु A: सोना: चाँदी: ताँबा = 5 : 3 : 2
मिश्रधातु B: सोना: चाँदी: ताँबा = 2 : 1 : 4
मिश्रधातु C: सोना: चाँदी: ताँबा = 3 : 2 : 7
मिश्रधातु D: सोना: चाँदी: ताँबा = 4 : 5 : 3
यदि मिश्रधातु A के 8 भाग और मिश्रधातु B के y भाग को मिश्रधातु C के x भाग और मिश्रधातु D के 6 भाग के साथ मिलाकर अंतिम मिश्रधातु तैयार किया जाता है तो प्राप्त मिश्रधातु में सोना : चाँदी : ताँबा = 7 : 5 : 8 के अनुपात में है। तो x और y का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $x = 7\frac{7}{9}, y = 5\frac{1}{81}$ B). $x = 5\frac{1}{5}, y = 9\frac{1}{45}$ C). $x = 7, y = 5$ D). $x = 5, y = 9$

**Correct Answer: B**

---

**Q.6** एक सम षट्कोणीय उद्यान, जिसकी प्रत्येक भुजा 14 मीटर है, एक वृत्ताकार जॉगिंग ट्रैक द्वारा परिबद्ध है, जिसकी षट्कोण के केंद्र से त्रिज्या 21 मीटर है। दोनों आकृतियों के परिमापों का योग ज्ञात कीजिए।

$\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।

**Ans** A). 224 मीटर B). 216 मीटर C). 196 मीटर D). 206 मीटर

**Correct Answer: B**

---

**Q.7** राधा की मासिक आय ₹80,000 है। वह अपनी आय का 40% घरेलू खर्चों पर, 20% मनोरंजन पर और 20% शिक्षा पर खर्च करती है। शेष राशि की वह बचत करती है।
वेतन में 20% की वृद्धि के कारण, उसकी आय बढ़ जाती है। हालाँकि, उसके घरेलू खर्च भी 10% बढ़ जाते हैं, उसके मनोरंजन की लागत 12% बढ़ जाती है, जबकि उसकी शिक्षा पर खर्च अपरिवर्तित रहता है। राधा इन परिवर्तनों को समायोजित करने के बाद शेष आय की बचत करने का निर्णय लेती है। राधा की बचत में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

**Ans** A). 63% B). 62% C). 68% D). 66%

**Correct Answer: C**

**Q.8** करण और अर्जुन मिलकर एक व्यवसाय शुरू करते हैं। करण 4 महीने के लिए अर्जुन से ₹83,000 अधिक निवेश करता है, जबकि अर्जुन 3 महीने के लिए निवेश करता है। कुल ₹7,113 के लाभ में, करण का हिस्सा अर्जुन के हिस्से से ₹2,371 अधिक है। करण द्वारा निवेश की गई राशि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹2,49,000 B). ₹2,48,932 C). ₹2,48,900 D). ₹2,48,989

**Correct Answer: A**

**Q.9** दो स्नातक विद्यार्थी, अर्जुन और भावना, 600 मीटर परिधि वाले एक वृत्ताकार ट्रैक पर दौड़ रहे हैं। अर्जुन 5 मीटर प्रति सेकंड की चाल से दक्षिणावर्त दिशा में दौड़ता है, जबकि भावना 3 मीटर प्रति सेकंड की चाल से वामावर्त दिशा में दौड़ती है। यदि वे एक ही समय पर एक ही बिंदु से दौड़ना शुरू करते हैं, तो उन्हें पाँचवीं बार मिलने में कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 5 मिनट और 45 सेकंड B). 7 मिनट और 15 सेकंड C). 6 मिनट और 15 सेकंड D). 6 मिनट और 45 सेकंड

**Correct Answer: C**

**Q.10** यदि किसी संख्या का 50%, उसके 20% से 72 अधिक है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 240 B). 280 C). 220 D). 260

**Correct Answer: A**

**Q.11** $5.29\bar{8} - 6.29\bar{8} + 7.29\bar{8}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\frac{5969}{900}$ B). $\frac{5569}{909}$ C). $\frac{5769}{1100}$ D). $\frac{5669}{900}$

**Correct Answer: D**

**Q.12** एक व्यक्ति ने एक वस्तु को उसके अंकित मूल्य ₹2,275 पर दो क्रमिक छूट देने के बाद ₹728 में बेचा। पहली छूट अंकित मूल्य का d% थी और दूसरी छूट रुपये में पहली छूट की राशि के बराबर थी। d का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 32 B). 34 C). 30 D). 38

**Correct Answer: B**

**Q.13** किसी उत्पाद पर 29% का लाभ हुआ। यदि क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य दोनों के संख्यात्मक मानों को आपस में बदल दिया जाए तो, तो बिक्री पर होने वाली हानि प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 19.84% B). 24.34% C). 19.97% D). 22.48%

**Correct Answer: D**

**Q.14** 2 m त्रिज्या और 7 m ऊंचाई वाले एक लंब वृत्तीय बेलन को पानी से भरा जाता है। बेलन में भरी जा सकने वाली पानी की मात्रा (लीटर में) कितनी होगी?

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

**Ans** A). 80,000 B). 88,000 C). 92,000 D). 79,000

**Correct Answer: B**

**Q.15** एक विनिर्माता, थोक-विक्रेता को 40% लाभ पर एक उत्पाद बेचता है। थोक-विक्रेता, इसे खुदरा-विक्रेता को 60% लाभ पर बेचता है, और खुदरा-विक्रेता इसे ग्राहक को 25% लाभ पर बेचता है। यदि ग्राहक ₹714 का भुगतान करता है, तो विनिर्माता के लिए लागत मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 258 B). 253 C). 255 D). 252

**Correct Answer: C**

**Q.16** कोई जलयान नदी में धारा की विपरीत दिशा में 48 km की यात्रा करने में 6 घंटे 15 मिनट और धारा की दिशा में 81 km की यात्रा करने में 3 घंटे 45 मिनट का समय लेता है। यदि जलयान धारा की विपरीत दिशा में 216 km और फिर धारा की दिशा में 216 km यात्रा करता है, तो उसे कुल कितना समय लगेगा और स्थिर जल में जलयान की चाल (km/hr में) कितनी होगी?

**Ans** A). 38 घंटे 7 मिनट 30 सेकंड, $14\frac{16}{25}$ B). 38 घंटे 10 मिनट, $6\frac{24}{25}$ C). 48 घंटे 7 मिनट 30 सेकंड, $16\frac{14}{25}$ D). 48 घंटे 10 मिनट, $24\frac{6}{25}$

**Correct Answer: A**

**Q.17** A और B एक काम को 6 दिनों में पूरा करते हैं। यदि A अकेले इसे 9 दिनों में पूरा कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का $\frac{1}{3}$ भाग कितने (दिनों) में पूरा कर सकता है?

**Ans** A). 12 B). 18 C). 24 D). 6

**Correct Answer: D**

Q.18

$14 \times (14 \times (3^2)) \div 17 + 25 - 89$ को सरल कीजिए।

Ans A). $\frac{681}{17}$ B). $\frac{676}{17}$ C). $\frac{672}{17}$ D). $\frac{671}{17}$

**Correct Answer: B**

Q.19 किसी पांच सदस्यीय परिवार के सदस्यों का वजन, 40 kg, 49 kg, 57 kg, 66 kg और 39 kg है। उस परिवार का औसत वजन (kg में) कितना होगा?

Ans A). 52.2 B). 51.2 C). 50.2 D). 49.2

**Correct Answer: C**

Q.20 किसी वस्तु को 23% की छूट के बाद ₹1,771 में बेचा जाता है। वस्तु का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹2,270 B). ₹2,052 C). ₹2,100 D). ₹2,300

**Correct Answer: D**

Q.1 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) H H % K S = R * ? + C B C # Q N T ^ U (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans A). एक B). दो C). तीन D). चार

**Correct Answer: D**

Q.2 नीचे दी गई संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और निम्न प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी चाहिए।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।)

(बाएं) € * @ % £ 3 8 8 $ @ 8 $ £ 9 £ £ 4 $ % 1 2 © (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans A). 4 B). 3 C). 2 D). 5

**Correct Answer: B**

Q.3 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

29 + 14 × 7 ÷ 11 – 9 = ?

Ans A). 120 B). 130 C). 110 D). 126

**Correct Answer: D**

Q.4 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

15 22 33 50 71 98 ?

Ans A). 109 B). 129 C). 119 D). 104

**Correct Answer: B**

Q.5 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'C – V # L x N % T + R' है, तो C का R से क्या संबंध है?

Ans A). माता का भाई B). माता के पिता C). भाई का पुत्र D). बहन का पुत्र

**Correct Answer: A**

Q.6 A, C की बहन B की पुत्री है। D, C का पति है। E, D का पिता है। A का E से क्या संबंध है?

Ans A). पुत्र की पत्नी की बहन की पुत्री B). पुत्र की पत्नी की बहन C). पुत्र की पत्नी की माता की बहन D). पुत्र की पत्नी की माता

**Correct Answer: A**

**Q.7** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन है। V की परीक्षा शुक्रवार को है। Q और V के बीच केवल दो लोगों की परीक्षा है। R और Q के बीच केवल चार लोगों की परीक्षा है। S की परीक्षा, T की परीक्षा के ठीक बाद है। P की परीक्षा सोमवार को नहीं है। रविवार को किसकी परीक्षा है?

**Ans** A). T B). R C). S D). U

**Correct Answer: B**

**Q.8** सात बक्से, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। केवल A को F के ऊपर रखा गया है। केवल D को F और C के बीच रखा गया है। केवल E को B के नीचे रखा गया है। C के नीचे कितने बक्से रखे गए हैं?

**Ans** A). 1 B). 4 C). 2 D). 3

**Correct Answer: D**

**Q.9** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान कौन-सी संख्या आनी चाहिए?

203 189 170 146 117 ?

**Ans** A). 83 B). 91 C). 85 D). 89

**Correct Answer: A**

**Q.10** छह व्यक्ति, B, C, D, I, J और K एक गोल मेज के चारों ओर केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I के दायीं ओर से गिनने पर, B और I के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K, J के ठीक बायीं ओर पड़ोस में बैठा है। I, C के ठीक दायीं ओर पड़ोस में बैठा है। निम्नलिखित में से D के निकटतम पड़ोसी कौन हैं?

**Ans** A). C और B B). J और I C). C और J D). K और B

**Correct Answer: A**

**Q.11** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ कुर्सी, मेज़ हैं।
सभी मेज़, फर्नीचर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ फर्नीचर, कुर्सी हैं।
(II) कोई फर्नीचर, कुर्सी नहीं है।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: A**

**Q.12** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं तथा एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजन/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). HU – LR B). NE – RC C). RG – VD D). ZA – DX

**Correct Answer: B**

**Q.13** P, Q, R, S, T, U और V उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। U के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। U और R के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। V के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। P, S के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Q, V का निकटतम पड़ोसी नहीं है। P और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). 1 B). 4 C). 3 D). 2

**Correct Answer: D**

**Q.14** एक निश्चित कूट भाषा में, 'JUST' को '1573' और 'UNIT' को '2164' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'U' का कूट क्या है?

**Ans** A). 2 B). 4 C). 3 D). 1

**Correct Answer: D**

**Q.15** I बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर दिशा की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएँ मुड़ता है और 4 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुन: पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

**Ans** A). 4 km; पश्चिम की ओर B). 6 km; उत्तर की ओर C). 5 km; दक्षिण की ओर D). 5 km; पूर्व की ओर

**Correct Answer: D**

**Q.16** संख्या 8642571 के प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से चौथे और दाएँ से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

**Ans** A). 11    B). 13    C). 9    D). 12

**Correct Answer: D**

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'get it right' को 'vg ft rg' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'you were right' को 'uh it ft' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'right' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

**Ans** A). vg    B). uh    C). ft    D). rg

**Correct Answer: C**

**Q.18** उस युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**BHM : DJO**
**GSN : IUP**

**Ans** A). AWS : CYZ    B). QMH : MIE    C). DOT : EPU    D). UPK : WRM

**Correct Answer: D**

**Q.19** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**ZGR : DLV**
**NCX : RHB**

**Ans** A). JOA : OSG    B). LFT : PKX    C). KYC : PEH    D). HME : LSJ

**Correct Answer: B**

**Q.20** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथनः
सभी फर, खरगोश हैं।
सभी फर, पौधे हैं।

निष्कर्षः
(I): कुछ खरगोश, पौधे हैं।
(II): सभी पौधे, फर हैं।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है    B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है    C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं    D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Correct Answer: D**

**Q.1** Select the most appropriate option to fill in the blank.

What a beautiful sight ______

**Ans** A). !    B). :    C). ,    D). ?

**Correct Answer: A**

**Q.2** Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.

A. Time seemed suspended in that moment, stretched thin like the twilight between day and night.
B. The decision hung between them; a question unasked but fully known.
C. No one moved, as if motion itself would break the fragile truce.
D. Silence wrapped around them, not as comfort, but as acknowledgment.

**Ans** A). ABCD    B). CBAD    C). DCBA    D). BDAC

**Correct Answer: D**

**Q.3** One of the four highlighted words in the given sentence is incorrectly spelt. Identify the INCORRECTLY spelt word.

In his **delusional eauphorea**, he failed to see how his **prejudiced** actions would ultimately **contaminate** the unity of the group.

**Ans** A). prejudiced    B). contaminate    C). eauphorea    D). delusional

**Correct Answer: C**

**Q.4** **Identify the option that best describes the meaning of the given idiom.**

**Above board**

**Ans** A). Operating in manner that is legitimate, honest, and open B). Achieving success by overcoming significant challenges and obstacles C). Making decisions quickly without much consideration for consequences D). Performing a task with exceptional skill and precision

**Correct Answer: A**

**Q.5** **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains a spelling error.**

**Millions of innocent people were exterrmminated in concentration camps in the Second World War.**

**Ans** A). were exterrmminated B). in concentration camps C). Millions of innocent people D). in the Second World War. **Correct Answer: A**

**Q.6** **Select the most appropriate article to fill in the blank. If no article is needed, select 'No article required'.**

**My sister enjoyed _____ first half of the play, but she was disappointed with the second one.**

**Ans** A). a B). No article required C). an D). the **Correct Answer: D**

**Q.7** **Select the most appropriate option that can replace the underlined segment in the given sentence.**

**The meeting was postponed because it was <u>not attended by enough people to make it valid.</u>**

**Ans** A). dissolved B). treason C). inquorate D). tyranny **Correct Answer: C**

**Q.8** **Select the most appropriate one-word substitute for the underlined part in the given sentence.**

**After weeks of bland meals, he began to <u>ask for earnestly</u> something spicy and flavorful.**

**Ans** A). reckon B). float C). crave D). snub **Correct Answer: C**

**Q.9** **Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**

**(P) Acquiring a new language provides valuable access to diverse cultures, ideas and worldviews.**
**(Q) This gradual progress eventually results in fluency and enables meaningful communication in real-world contexts.**
**(R) Over time, such regular exposure fosters confidence and reduces the anxiety associated with making errors.**
**(S) A highly effective approach involves immersing oneself daily through conversations, books and media.**

**Ans** A). SRQP B). RPQS C). PSRQ D). PSQR **Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The beach was sunny and ________, yet the hotel was quite expensive.**

**Ans** A). dreary B). boisterous C). chaotic D). serene **Correct Answer: D**

**Q.11** **Select the option that best conveys the meaning of the given proverb.**

**Discretion is the better part of valour**

**Ans** A). Bravery always triumphs B). Prudence is superior to recklessness C). Courage and caution are equally important D). Keeping secrets is smart

**Correct Answer: B**

**Q.12** **Select the most appropriate adverb to fill in the blank.**

**The route was ____________ easy for us to follow.**

**Ans** A). hardly B). slightly C). so D). fairly **Correct Answer: D**

Q.13 Select the most appropriate synonym of the highlighted word in the given sentence.

Even during the crisis, she remained **phlegmatic**, calmly analysing the situation without showing any sign of panic.

Ans A). apathetic B). resilient C). passionate D). melancholic

Correct Answer: A

Q.14 Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.

The nurse gave explicit instructions not to touch anything.

Ans A). Plain B). Drastic C). Ordinary D). Implicit

Correct Answer: D

Q.15 Select the most appropriate option to fill in the blank.

For the science fair, Bob brought several items _____ a model volcano, a poster board, and samples of different rocks.

Ans A). ; B). . C). , D). :

Correct Answer: D

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Fill in the blanks using the alternatives given. Select the most appropriate option for each blank.

Plastic pollution is _____ (1) by the accumulation of plastic waste _____ (2) the environment. It can be ______ (3) in primary plastics, such as cigarette butts and bottle caps, or secondary plastics, resulting _____ (4) the degradation of the primary ones. It can also be defined by its size, from microplastics - small particles (less than 5 mm) of plastic _____ (5) in the environment - to macroplastics.

SubQuestion No : 16

Q.16 Select the most appropriate option to fill in blank (1).

Ans A). causes B). caused C). cause D). causing

Correct Answer: B

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Fill in the blanks using the alternatives given. Select the most appropriate option for each blank.

Plastic pollution is _____ (1) by the accumulation of plastic waste _____ (2) the environment. It can be ______ (3) in primary plastics, such as cigarette butts and bottle caps, or secondary plastics, resulting _____ (4) the degradation of the primary ones. It can also be defined by its size, from microplastics - small particles (less than 5 mm) of plastic _____ (5) in the environment - to macroplastics.

SubQuestion No : 17

Q.17 Select the most appropriate option to fill in blank (2).

Ans A). for B). of C). in D). on

Correct Answer: C

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Fill in the blanks using the alternatives given. Select the most appropriate option for each blank.

Plastic pollution is _____ (1) by the accumulation of plastic waste _____ (2) the environment. It can be ______ (3) in primary plastics, such as cigarette butts and bottle caps, or secondary plastics, resulting _____ (4) the degradation of the primary ones. It can also be defined by its size, from microplastics - small particles (less than 5 mm) of plastic _____ (5) in the environment - to macroplastics.

SubQuestion No : 18

Q.18 Select the most appropriate option to fill in blank (3).

Ans A). categorise B). categorises C). categorising D). categorised

Correct Answer: D

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Fill in the blanks using the alternatives given. Select the most appropriate option for each blank.

Plastic pollution is _____ (1) by the accumulation of plastic waste _____ (2) the environment. It can be ______ (3) in primary plastics, such as cigarette butts and bottle caps, or secondary plastics, resulting _____ (4) the degradation of the primary ones. It can also be defined by its size, from microplastics - small particles (less than 5 mm) of plastic _____ (5) in the environment - to macroplastics.

SubQuestion No : 19

Q.19 Select the most appropriate option to fill in blank (4).

Ans A). at B). from C). on D). towards

Correct Answer: B

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Fill in the blanks using the alternatives given. Select the most appropriate option for each blank.

Plastic pollution is ____ (1) by the accumulation of plastic waste ____ (2) the environment. It can be ______ (3) in primary plastics, such as cigarette butts and bottle caps, or secondary plastics, resulting ____ (4) the degradation of the primary ones. It can also be defined by its size, from microplastics - small particles (less than 5 mm) of plastic ____ (5) in the environment - to macroplastics.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank (5).**

**Ans** A). disperse B). disperses C). dispersing D). dispersed

**Correct Answer: D**

**Q.1** **निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में पहला संगठित ग्रामीण विकास प्रयास था?**

**Ans** A). सूखा संभावित क्षेत्र कार्यक्रम B). सामुदायिक विकास कार्यक्रम C). एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम D). गहन कृषि जिला कार्यक्रम

**Correct Answer: B**

**Q.2** **एक डेयरी सोसाइटी, जहां दूध उत्पादक संयुक्त रूप से उद्यम का स्वामित्व रखते हैं और संचालन करते हैं, यह किस स्वामित्व प्रकार का उदाहरण है?**

**Ans** A). सहकारी क्षेत्र उद्योग B). सार्वजनिक क्षेत्र उद्योग C). निजी क्षेत्र उद्योग D). संयुक्त क्षेत्र उद्योग

**Correct Answer: A**

**Q.3** **दिल्ली सल्तनत की पहली महिला शासक कौन थीं?**

**Ans** A). नूरजहां B). चांद बीबी C). रजिया सुल्तान D). मुमताज महल

**Correct Answer: C**

**Q.4** **गांधीजी ने 1922 में असहयोग आंदोलन क्यों स्थगित कर दिया?**

**Ans** A). चौरी-चौरा कांड की घटना B). सुधारों के ब्रिटिश वादे C). राष्ट्रीय नेताओं की गिरफ्तारी D). खिलाफत समर्थन की विफलता

**Correct Answer: A**

**Q.5** **संसदीय समितियों को भारतीय लोकतंत्र के लिए मौलिक माने जाने का क्या कारण है?**

**Ans** A). क्योंकि ये न्यायपालिका की भूमिका को कम कर देती हैं B). क्योंकि ये संसदीय वादविवाद को प्रतिस्थापित करती है

C). क्योंकि ये संसद के सीमित समय से परे नीतियों और वित्तीय मामलों की विस्तृत जांच सुनिश्चित करती हैं

D). क्योंकि ये मंत्रियों को विधायी नियंत्रण को दरकिनार करने की अनुमति देती हैं

**Correct Answer: C**

**Q.6** **कौन-सा भू-आकृतिक कारक, पूर्वी तटीय मैदानों की तुलना में पश्चिमी तटीय मैदान के अपेक्षाकृत संकरे होने के कारण की व्याख्या करता है?**

**Ans** A). अरब-सागर तटों के अनुदिश भूमि का अवतलन B). पश्चिमी तट पर अपेक्षाकृत प्रबल ज्वारीय धाराएँ

C). पश्चिमी तट पर अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत महाद्वीपीय शेल्फ D). पश्चिमी तट पर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा

**Correct Answer: A**

**Q.7** **'मैंगो शावर' शब्द से आपका क्या अभिप्राय है?**

**Ans** A). यह एक सांस्कृतिक अनुष्ठान है। B). यह मानसून-पूर्व वर्षा को संदर्भित करता है। C). यह एक प्रकार का आम है। D). यह एक आम की खेती वाला क्षेत्र है।

**Correct Answer: B**

**Q.8** **स्वदेशी आंदोलन निम्नलिखित में से किस वर्ष शुरू किया गया था?**

**Ans** A). 1910 AD B). 1905 AD C). 1907 AD D). 1906 AD

**Correct Answer: B**

**Q.9** **नीति आयोग ने किन संगठनों के सहयोग से भारत में राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक विकसित किया है?**

**Ans** A). संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, तथा ऑक्सफ़ोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (United Nations Development Programme, and Oxford Poverty and Human Development Initiative)

B). भारतीय रिजर्व बैंक, तथा ब्रुकिंग इंस्टीट्यूशन – वैश्विक अर्थव्यवस्था और विकास (USA) {Reserve Bank of India, and Brookings Institution – Global Economy and Development (USA)}

C). संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (United Nations Development Programme, and World Health Organization)

D). अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, तथा हार्वर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (International Monetary Fund, and Harvard Poverty and Human Development Initiative)

**Correct Answer: A**

**Q.10** **मान लीजिए हिमालय क्षेत्र तेजी से गर्म हो रहा है और वानस्पतिक-मेखला ऊपर की ओर खिसकने लगती है, तो इसका सबसे संभावित तात्कालिक परिणाम क्या होगा?**

**Ans** A). अल्पाइन घास के मैदान हिमरेखा क्षेत्र में विस्तारित होंगे। B). मैंग्रोव, पर्वतीय ढलानों पर फैल जाएंगे। C). टुंड्रा लाइकेन (tundra lichens) नीचे तलहटी में फैल जाएंगे। D). उष्णकटिबंधीय कंटक वन सीधे अल्पाइन घास के मैदानों का स्थान ले लेंगे।

**Correct Answer: A**

---

**Q.11** **2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या का कितना अनुपात 0-6 वर्ष आयु वर्ग में था?**

**Ans** A). 14.1% B). 12.1% C). 13.1% D). 11.1%

**Correct Answer: C**

---

**Q.12** **मनसबदारी व्यवस्था की शुरुआत किस मुगल शासक से संबंधित है?**

**Ans** A). जहाँगीर B). हुमायूँ C). अकबर D). बाबर

**Correct Answer: C**

---

**Q.13** **भारत की 1991 की नई औद्योगिक नीति के तहत निम्नलिखित में से किस पर मुख्य ज़ोर दिया गया था?**

**Ans** A). सार्वजनिक क्षेत्र के एकाधिकार को मज़बूत करने पर B). आयात शुल्क बढ़ाने पर C). प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर दक्षता बढ़ाने पर D). निजी उद्यम को सीमित करने पर

**Correct Answer: C**

---

**Q.14** **निम्नलिखित में से किस राज्य में हरित क्रांति के पहले चरण के दौरान मुख्य रूप से एचवाईवी (HYV) बीजों का उपयोग नहीं किया गया था?**

**Ans** A). पंजाब B). आंध्र प्रदेश C). केरल D). तमिलनाडु

**Correct Answer: C**

---

**Q.15** **निम्नलिखित में से क्या भारतीय न्यायपालिका की एक विशिष्ट विशेषता है?**

**Ans** A). न्यायपालिका के पास कानून की समीक्षा करने की शक्ति नहीं होती है। B). न्यायपालिका, कार्यपालिका शाखा के विस्तार के रूप में कार्य करती है। C). सर्वोच्च न्यायालय के पास न्यायिक समीक्षा की शक्ति होती है। D). न्यायपालिका का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा किया जाता है।

**Correct Answer: C**

---

**Q.16** **केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) को निम्नलिखित में से किस रूप में वर्गीकृत किया गया है?**

**Ans** A). कानूनी समर्थन के बिना एक अतिरिक्त सांविधानिक निकाय B). एक सांविधानिक निकाय C). एक सांविधिक निकाय D). एक न्यायिक निकाय

**Correct Answer: C**

---

**Q.17** **भारत में पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय संधारणीयता सुनिश्चित करने के लिए 73वें संविधान संशोधन के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय अनुशंसित किया गया है?**

**Ans** A). पंचायतों को अपने वित्तीय खातों की राज्य द्वारा लेखापरीक्षा कराने से छूट दी गई है।
B). राज्य सरकारों को पंचायतों को एक निश्चित न्यूनतम धनराशि आवंटित करने का अधिदेश दिया गया है।
C). पंचायतों को पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली धनराशि पर निर्भर रहना चाहिए।
D). पंचायतों को बिना किसी निगरानी के सभी स्थानीय कर लगाने और वसूलने का पूर्ण अधिकार है।

**Correct Answer: B**

---

**Q.18** **उधम सिंह ने लंदन में माइकल ओ'डायर (Michael O'Dwyer) की हत्या किस वर्ष की थी?**

**Ans** A). 1920 B). 1940 C). 1925 D). 1930

**Correct Answer: B**

---

**Q.19** **निम्नलिखित में से कौन-सा, स्वरोजगार का उदाहरण है?**

**Ans** A). स्वयं की भूमि पर फ़सले उगाने वाला किसान B). स्टोर पर कार्यरत एक कैशियर C). विद्यालय में कार्यरत एक अध्यापक D). अस्पताल में कार्यरत एक डॉक्टर

**Correct Answer: A**

---

**Q.20** **किस संविधान संशोधन अधिनियम में भारत और बांग्लादेश सरकारों के बीच अधिग्रहित और हस्तांतरित क्षेत्रों का विवरण शामिल है?**

**Ans** A). 100वां संशोधन अधिनियम B). 102वां संशोधन अधिनियम C). 103वां संशोधन अधिनियम D). 97वां संशोधन अधिनियम

**Correct Answer: A**